


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–08 शुक्रवार, दिनांक–23 फरवरी, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक।**

**[1] उपाध्यक्ष का निर्वाचन:–**

माननीय अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष पद के लिए कुल 11 (ग्यारह) प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और सभी प्रस्ताव श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स०वि०स० के पक्ष में है।

इन सभी प्रस्तावों में सर्वप्रथम प्राप्त प्रस्ताव को सदन में पेश करने हेतु श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० प्रस्तावक सदस्य को अनुमति दी गयी। तत्पश्चात श्री विजय कुमार सिन्हा, स०वि०स० ने प्रस्ताव किया कि श्री नरेन्द्र नारायण यादव, स०वि०स० बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष चुने जायें, जिसका अनुमोदन माननीय सदस्य, श्री प्रेम कुमार द्वारा किया गया।

तदुपरान्त आसन द्वारा श्री नरेन्द्र नारायण यादव को सर्वसम्मति से बिहार विधान सभा का 19वाँ उपाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की गयी तथा माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उन्हें बधाई दी गयी।

**[2] उपाध्यक्ष को बधाई:–**

माननीय मुख्यमंत्री, श्री नीतीश कुमार एवं निम्नांकित सभासदों द्वारा भी श्री नरेन्द्र नारायण यादव को उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा चुने जाने पर बधाई दी गयी तथा उनके प्रति शुभकामना प्रकट की गयी:–

(i) श्री सम्राट चौधरी, माननीय उप मुख्यमंत्री
(ii) श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन, स०वि०स०
(iii) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(iv) श्री अजीत शर्मा, स०वि०स०
(v) श्री अजय कुमार, स०वि०स०
(vi) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०
(vii) श्री अखतरूल ईमान, स०वि०स०
(viii) श्री महेश्वर हजारी, स०वि०स०
(ix) श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स०

तदुपरान्त माननीय उपाध्यक्ष, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा उपाध्यक्ष चुने जाने पर दी गयी शुभकामनाओं के लिए आभार प्रकट किया गया।

**[3] प्रश्नकाल :–**

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।

(iii) 25 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iv) तारांकित प्रश्न संख्या–765 श्रम संसाधन विभाग में स्थानान्तरित।

(v) तारांकित प्रश्न संख्या–770 परिवहन विभाग में स्थानान्तरित।

(vi) तारांकित प्रश्न संख्या–771 स्वास्थ्य विभाग में स्थानान्तरित।

(vii) तारांकित प्रश्न संख्या–773 लघु जल संसाधन विभाग में स्थानान्तरित।

(viii) 12 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(ix) 143 तारांकित प्रश्न अनागत।

**[4] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम, श्री अजय कुमार, श्री गोपाल रविदास, श्री रामबली सिंह यादव, श्री महा नंद सिंह, श्री सत्येदव राम एवं श्री संदीप सौरभ तथा श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई।

आसन की अनुमति से माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम एवं श्री अजीत शर्मा द्वारा अपने–अपने कार्यस्थगन के प्रस्ताव की सूचनाओं को पढ़ा गया।

तदुपरान्त आसन द्वारा माननीय सदस्य, श्री महबूब आलम के कार्यस्थगन प्रस्ताव के विषय पर निदान हेतु माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग को निदेश दिया गया।

**[5] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मो० अनजार नईमी | 2. | श्री अजय कुमार |
| 3. | श्री महा नंद सिंह | 4. | श्री उमाकांत सिंह |
| 5. | श्री राम चन्द्र प्रसाद | 6. | श्री मुरारी मोहन झा |
| 7. | श्री अखतरुल ईमान | 8. | डॉ० निक्की हेम्ब्रम |
| 9. | श्रीमती मंजु अग्रवाल | 10. | श्रीमती ज्योति देवी |
| 11. | श्री राम सिंह | 12. | श्रीमती गायत्री देवी |
| 13. | श्री कृष्णनंदन पासवान | 14. | श्रीमती कविता देवी |
| 15. | श्रीमती निशा सिंह | 16. | श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह |
| 17. | श्री इजहारूल हुसैन | 18. | श्री रणविजय साहू |
| 19. | श्री कुंदन कुमार | 20. | श्री अनिल कुमार |
| 21. | श्री सुनील मणि तिवारी | 22. | श्री महबूब आलम |
| 23. | श्री राम रतन सिंह | 24. | श्री बीरेन्द्र कुमार |
| 25. | श्री ललन कुमार | 26. | सुश्री श्रेयसी सिंह |
| 27. | श्री जय प्रकाश यादव | 28. | श्री अचमित ऋषिदेव |
| 29. | श्री संदीप सौरभ | 30. | श्री रामबली सिंह यादव |
| 31. | श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता | 32. | श्रीमती भागीरथी देवी |
| 33. | श्री अरूण शंकर प्रसाद | 34. | श्री सुर्यकान्त पासवान |

आसन द्वारा आज के लिए सूचीबद्ध शेष शून्यकाल की सूचनाओं को शून्यकाल समिति को सुपुर्द किये जाने की घोषणा की गयी।

**[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

i. माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार खेमका एवं अन्य सभासदों का आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित तथा दिनांक–20 फरवरी 2024 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा दिया गया।

ii. माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का ऊर्जा विभाग से संबंधित तथा दिनांक–22 फरवरी 2024 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना पर माननीय सदस्य, श्री अजय कुमार सिंह के अनुपस्थित रहने के कारण वक्तव्य नहीं हो सका।

iii. माननीय सदस्य, श्री आलोक रंजन एवं अन्य सभासदों से प्राप्त स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री आलोक रंजन द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

iv. माननीय सदस्य, श्री सुदामा प्रसाद एवं अन्य सभासदों से प्राप्त पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री सुदामा प्रसाद द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:05 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[7] वित्तीय कार्य** :–

i. माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के आय–व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन किया गया।

ii. **वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–04 (ऊर्जा विभाग; ग्रामीण विकास विभाग; गृह विभाग; सामान्य प्रशासन विभाग; भवन निर्माण विभाग; विधान मंडल; समाज कल्याण विभाग; मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग; अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग; अल्पसंख्यक कल्याण विभाग; मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग; निगरानी विभाग तथा निर्वाचन विभाग)] पर वाद–विवाद एवं मतदान।**

माननीय मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से ऊर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री राजेश कुमार के अनुपस्थित रहने के कारण माननीय सदस्य, श्री अख्तरुल इस्लाम शाहीन द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद–विवाद निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

(i) श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव
(ii) श्री विनय बिहारी
(iii) श्री प्रमोद कुमार

**[इस अवसर पर माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]**

(iv) श्री भूदेव चौधरी
(v) श्री ललित नारायण मंडल
(vi) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(vii) श्री जय प्रकाश यादव
(viii) श्री संदीप सौरभ
(ix) श्रीमती संगीता कुमारी
(x) श्री मुरारी मोहन झा
(xi) श्रीमती ज्योति देवी
(xii) श्री अजय कुमार
(xiii) श्री सूर्यकांत पासवान
(xiv) श्रीमती नीतु कुमारी
(xv) श्री अख्तरुल ईमान

(xvi) श्री लखेंद्र कुमार रौशन

**[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]**

(xvii) श्री रत्नेश सादा

तदुपरान्त माननीय मंत्री, ऊर्जा विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से वाद–विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात माननीय सदस्य, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त ऊर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

तत्पश्चात अनुदान की शेष मांगे बारी–बारी से गिलोटीन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ।

**[8] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 45 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक–27 फरवरी, 2024 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–23.02.2024

**राज कुमार**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।